दिन– बुधवार दिनांक– 26/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य मंत्रिमंडल का आज विस्तार किया जायेगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में शाम चार बजे नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार में बीजेपी कोटे के मंत्रियों को शामिल किये जाने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

———————————————

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने मंत्रि पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि पार्टी में एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत के अनुपालन के लिए उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है।

———————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की गई है। इधर, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह की अगुवाई में भी सर्वदलीय बैठक का आयोजन कर बजट सत्र के शांतिपूर्ण और सूचारू संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग करने का आग्रह किया गया। बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से शुरू हो रहा है। यह सत्र अट्ठाईस मार्च तक चलेगा। तीन मार्च को राज्य का आम बजट पेश किया जायेगा।

———————————————————————

प्रयागराज में, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न होने जा रहा है। देशभर से आये श्रद्धालु प्रयाग राज में सुबह से ही संगम और अन्य घाटों में डुबकी लगा रहे हैं। तेरह जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ 60 लाख से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। 144 वर्षों में केवल एक बार होने वाले एक दुर्लभ खगोलीय संयोग से इस वर्ष महाकुंभ का महत्व और भी बढ़ गया है।

———————————————————————

महाशिवरात्रि का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि, फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों और मंदिरों में अहले सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव की पूजा–अर्चना के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर, सोनपुर के हरिहरनाथ, सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, रोहतास के गुप्ताधाम और मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान मंदिरों में इस अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना और जलाभिषेक किया जा रहा है। कई स्थानों पर शिव–पार्वती विवाह समारोह का भी आयोजन हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

महाशिवरात्रि के अवसर पर पटना के खाजपुरा स्थित शिव मंदिर और गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न भागों से शिव बारात और झांकी निकाली जा रही है। प्रशासन ने सभी प्रमुख मंदिरों और चौक–चौराहों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में आंशिक रूप से बादल छाये हुए है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना रहा।

———————————————————————

समाप्त